इसी महीने रखी जाएगी ब्रह्मोस यूनिट की आधारशिला

राजीव बाजपेयी • लखनऊ

- सरोजनीनगर के पास भटगांव में स्थापित होगी यूनिट
- रक्षा मंत्री करेंगे शिलान्यास, तैयारियों में जुटा प्रशासन

भारत की सामरिक क्षमता को दुनिया में नई पहचान दिलाने वाली ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट की आधारशिला इसी माह रखी जाएगी। सरोजनीनगर के पास भटगांव में 80 एकड़ में यूनिट स्थापित करने का काम आखिरी सप्ताह से शुरू हो जाएगा। यूनिट की आधारशिला रखने के लिए खुद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आने की संभावना है।

प्रदेश सरकार डिफेंस कारिडोर को लेकर शुरू से ही गंभीर है। शीर्ष स्तर से डिफेंस कारिडोर की प्रगति की समीक्षा हो रही है। कई जिलों में इसको लेकर काम जमीन पर भी दिख रहा है। राजधानी में भी ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट की स्थापना का काम तेजी पकड़ रहा है। सरकार ने कुछ दिन पहले रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) को इस परियोजना के लिए सरोजनीनगर तहसील के भटगांव में जमीन लीज पर दी थी। ब्रह्मोस यूनिट की स्थापना के लिए शुक्रवार को डीएम के कैंप कार्यालय में हाई प्रोफाइल बैठक हुई, जिसमें इसी महीने के आखिरी में काम शुरू करने का निर्णय लिया गया।

ब्रह्मोस की इकाई को लेकर शुक्रवार को अपने कैंप कार्यालय में बैठक करते जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश • सौजन्य : प्रशासन

अधिकारियों के मुताबिक यूनिट की स्थापना से आसपास विकास की अपार संभावनाएं पैदा होंगी। इससे करीब दस हजार लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा और हजारों लोग अप्रत्यक्ष रूप से इससे लाभान्वित होंगे।

यूनिट के शुरू होने से इसके अतिरिक्त अनेक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाइयों की स्थापना के अवसर भी पैदा होंगे। दरअसल ब्रह्मोस मिसाइल के विभिन्न सिस्टम सब सिस्टम के निर्माण से जुड़ी औद्योगिक इकाइयां भी स्थापित होंगी। इससे बड़ी संख्या में इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित होगा।

हर साल बनेंगी सौ मिसाइलें : लखनऊ में यूनिट शुरू होने के बाद से साल भर में करीब सौ मिसाइलें बनेंगी। डीआरडीओ के पास पहले से ही तीनों सेनाओं के बड़े आर्डर हैं। देश में अब तक हैदराबाद, नागपुर और पिलानी में ब्रह्मोस की निर्माण इकाइयां हैं।